## खबर संक्षेप

### स्व.सेवा राम माखीजा का मरणोपरांत नेत्रदान

**मैहर।** शहर के माखीजा परिवार ने दुख की घड़ी में भी मानवता का परिचय देते हुए एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। सेवा राम माखीजा के निधन के पश्चात उनके परिवार की सहमति से ज्योति प्रकाश संस्था के माध्यम से नेत्रदान कराया गया। इस नेक कार्य से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आएगी। इस प्रक्रिया में सतगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की टीम सहित बलराम जग्यासी, महेश दरियानी,सुषमा कलवानी,संजय जादवानी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। समाज ने माखीजा परिवार के इस निर्णय की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया है।

### चित्रकूट में तुलसी मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, ऑटो चालक की मौत

**सतना।** चित्रकूट में तुलसी मार्ग पर देर रात एक अनियंत्रित ऑटो के पलट जाने से दर्दनाक हादसा हो गया। इस दुर्घटना में ऑटो चालक की जान चली गई है।मिली जानकारी के अनुसार,देर रात तुलसी मार्ग पर एक ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तुरंत जानकीकुंड अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान जमुना प्रसाद दीक्षित 37 वर्ष,पिता परमेश्वरी दीक्षित के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के अतर्रा थाना अंतर्गत सेमरिया कुशल गांव का निवासी था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है।

### ईएसआईसी SPREE योजनाः पंजीकरण 31 तक

**सतना/रीवा।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नियोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। 1 जुलाई 2025 से लागू 'पंजीकरण प्रोत्साहन योजना' आगामी 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रही है। ऐसे संस्थान जहाँ 10 या अधिक कर्मचारी हैं,वे इस योजना का लाभ उठाकर पुरानी देयताओं से छूट प्राप्त कर सकते हैं। शाखा प्रबंधक विजय नामदेव ने बताया कि यह छूटे हुए पात्र कर्मचारियों के पंजीकरण का सुनहरा अवसर है। इच्छुक संस्थान निगम की वेबसाइट WWW.ESIC.GOV.IN पर जाकर या क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल/रीवा (9424135974) से संपर्क कर पंजीकरण सुनिश्चित कर सकते हैं ताकि भविष्य की कानूनी जटिलताओं से बचा जा सके।

# मुख्यमंत्री आज देंगे 652 करोड़ की सौगात, आईएसबीटी का लोकार्पण और मेडिकल कॉलेज में नए अस्पताल का करेंगे भूमिपूजन

**सतना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शनिवार,27 दिसंबर को सतना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। इस दौरान वे शहर को 652.54 करोड़ के विकास कार्यों की बड़ी सौगात देंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। शुक्रवार को रीवा संभाग डीआईजी हेमंत चौहान,कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने एयरपोर्ट,विंध्य व्यापार मेला और बीजेपी कार्यालय का निरीक्षण कर सुरक्षा जायजा लिया। मुख्यमंत्री 31.15 करोड़ की लागत से बना नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल और 8.39करोड़ का धवारी क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे। शासकीय मेडिकल कॉलेज में 383 करोड़ की लागत से बनने वाले 650 बिस्तरीय नवीन अस्पताल भवन का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री बीजेपी कार्यालय भी जाएंगे,जहां वे 'अटल स्मृति प्रदर्शनी' का अवलोकन करेंगे। विंध्या व्यापार मेला भी जाएंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे इंदौर से सतना एयरपोर्ट पहुंचेंगे और शाम 4:50 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।



## सतना में 'मोहन' कदमः गुटबाजी और अधूरे विकास के बीच क्या सुलझेंगे सियासत के समीकरण?

**सतना।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शनिवार को सतना की धरती पर कदम रख रहे हैं। सरकारी कैलेंडर में इसे 'स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता' का नाम दिया गया है,लेकिन हकीकत में यह दौरा जिले की बिखरी हुई राजनीतिक बिसात को समेटने की एक बड़ी कोशिश माना जा रहा है। मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे भोपाल से उड़ान भरेंगे और दोपहर 12 बजे सतना हवाई पट्टी पहुंचेंगे।

### प्रभारी मंत्री की 'बेरुखी' और विकास का वनवास

इस दौरे में सबसे ज्यादा निगाहें प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर टिकी हैं। विजयवर्गीय का सतना प्रेम हमेशा से ही 'शंका' के घेरे में रहा है। प्रभार का जिला होने के बावजूद वे यहाँ आने से कतराते रहे हैं,जबकि पड़ोसी जिलों में उनकी सक्रियता भरपूर रहती है। उनके 'अपरिहार्य कारणों' से रद्द होने वाले दौरों ने जनता के बीच यह संदेश दिया है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर चल रहे अधूरे प्रोजेक्ट्स और शहर की बदहाली प्रभारी मंत्री की प्राथमिकता में नहीं है। क्या कल वे अपनी इस छवि को तोड़ पाएंगे या केवल मुख्यमंत्री के साए में रहकर औपचारिकता निभाएंगे?

### जनप्रतिनिधियों का 'शीतयुद्ध' और पिसती जनता

सतना भाजपा का अंतर्विरोध अब सड़कों पर है। एक तरफ सांसद गणेश सिंह ने लोकसभा में स्मार्ट सिटी के कार्यों पर सवाल उठाकर अपनी ही सरकार के तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया,तो दूसरी तरफ महापौर योगेश ताम्रकार नगर निगम कमिश्नर के सामने इस्तीफे की धमकी दे रहे हैं। समन्वय का यह अभाव जिले के विकास को लील रहा है। हाल ही में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी द्वारा घटिया निर्माण पर ठेकेदार को लगाई गई फटकार ने उस वक्त नया मोड़ ले लिया,जब वे लोक निर्माण मंत्री से ही उलझ गईं। यह विवाद जिले में सत्ता के दो केंद्रों के बीच की खींचतान को उजागर करता है।

### दौरे से उम्मीद या सिर्फ...

सतना का राजनीतिक ताना-बाना वर्तमान में पूरी तरह उलझा हुआ है। जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की कमी और अधिकारियों की मनमानी ने जनता को पस्त कर दिया है।मुख्यमंत्री का यह 5 घंटे का प्रवास क्या स्थानीय कार्यक्रमों तक सीमित रहेगा,या वे सतना की इस 'राजनीतिक खेमेबाजी' पर कोई कड़ा प्रहार करेंगे? जिले की जनता को उम्मीद है कि डॉ.यादव की मौजूदगी स्मार्ट सिटी के भ्रष्टाचार और विकास की कछुआ चाल पर कोई ठोस समाधान लेकर आएगी।

## एकेएस यूनिवर्सिटी में 'विकसित भारत और कोल माइनिंग' पर विशिष्ट कार्यशाला

**सतना।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) से मान्यता प्राप्त एकेएस यूनिवर्सिटी में 'विकसित भारत और कोल माइनिंग' विषय पर आयोजित विशिष्ट कार्यशाला न केवल अकादमिक संवाद का सशक्त मंच बनी,बल्कि विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रणाली,शोध संस्कृति और निरंतर उन्नयन के प्रयासों की प्रभावशाली प्रस्तुति भी सिद्ध हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारत सरकार के कोल मंत्रालय के डायरेक्टर (टेक्निकल) वीरेंद्र कुमार ठाकुर रहे। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश,पाठ्यक्रम संरचना,परीक्षा प्रणाली,अनुसंधान गतिविधियों और बुनियादी ढांचे की जानकारी प्राप्त करने के उपरांत उन्होंने एकेएस यूनिवर्सिटी की शिक्षा प्रणाली एवं विश्वविद्यालय द्वारा किए गए निरंतर उन्नयन कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का और उद्योग-संलग्न शिक्षण मॉडल ही विकसित भारत के लिए सक्षम,जिम्मेदार और वैश्विक दृष्टि से प्रतिस्पर्धी मानव संसाधन तैयार करता है। अपने मुख्य संबोधन में उन्होंने कोल माइनिंग क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मानकों,आधुनिक तकनीकों,सुरक्षा प्रबंधन और सतत विकास की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पी.सी.तिवारी,दास गुप्ता,डॉ.रमेश कांत,आकाश गुप्ता,डॉ.संदीप प्रसाद,जे.एन.,अवधेश पांडे तथा राम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यशाला का सफल समन्वयन ई.शीलेंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया। खनन अभियांत्रिकी विभाग के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों को कोल माइनिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोजगारपरक संभावनाओं,विभिन्न खनन प्रकल्पों, परियोजना प्रबंधन तथा वैश्विक मानकों के अनुरूप कार्य प्रणाली की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। कार्यशाला का समापन इस सार्थक संदेश के साथ हुआ कि विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में कोल माइनिंग क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और NAAC-मान्यता प्राप्त एकेएस यूनिवर्सिटी अपने शोध-आधारित शिक्षा मॉडल,सुदृढ़ परीक्षा प्रणाली और सतत उन्नयन की संस्कृति के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ही नहीं,बल्कि वैश्विक मंच के लिए भी सक्षम बना रही है।



# सांदीपनि स्कूल मझगंवा में दो पालियों में मनाया गया वीर बाल दिवस

**बाल वीरों की गाथा से रू-ब-रू हुए छात्र, प्रधानमंत्री के उद्बोधन का हुआ सजीव प्रसारण**

**सतना।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में माधवम ईप्सा फाउंडेशन के समन्वय से सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,मझगंवा में वीर बाल दिवस 2025 का आयोजन देशभक्ति एवं प्रेरणादायक वातावरण में दो पालियों में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को सिख इतिहास के अमर बाल वीरों के जीवन पर आधारित प्रेरक फिल्म दिखाई गई, जिससे बच्चों में साहस,त्याग और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीर बाल दिवस पर दिए गए उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में बाल वीरों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल विशिष्ट अतिथियों में प्राचार्य राजेंद्र उपाध्याय,भारती अरोड़ा,प्रधानाध्यापक दल प्रताप सहित कार्यक्रम में माधवम ईप्सा फाउंडेशन के निदेशक आशीष कुमार सेन राकेश गौतम,निर्मल मांझी,इंद्रभान आज़ाद, पवन कुमार एवं अन्य शिक्षकगण,गणमान्य जन शामिल हुए।



## बिरसिंहपुर में डिजिटल आईडी की आड़ में लाखों का घोटाला, आरोपी फरार

**सतना।** बिरसिंहपुर में डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के नाम पर बिरसिंहपुर में एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। आरोपी व्यापारी ने फिनो और रोनेट जैसी कंपनियों की डिजिटल आईडी का सहारा लेकर दर्जनों लोगों को लाखों रुपये का चूना लगाया है।

### धोखाधड़ी का तरीका

वार्ड नंबर 6 का निवासी आरोपी जितेंद्र गुप्ता डिजिटल बैंकिंग का केंद्र चलाता था। उसने स्थानीय नागरिकों,कियोस्क संचालकों और माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के कर्मचारियों का भरोसा जीता। डिजिटल लेनदेन के बहाने उसने लोगों से बड़ी रकम ली और करीब एक हफ्ते पहले अपनी दुकान बंद कर फरार हो गया। वर्तमान में उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। इस घोटाले में कई लोगों ने अपनी जमा पूंजी गंवाई है,जिनमें रविशंकर वर्मा 9 लाख रुपए,शैलेंद्र लोधी मैनेजर,क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण 3.02 लाख रुपए,किशन शर्मा 1.80 लाख रुपए,रत्न सिंह 1.50 लाख रुपए,अनुज त्रिपाठी 1.40 लाख रुपए,देवेश द्विवेदी 1.10 लाख रुपए है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ितों ने 11 दिसंबर को सभापुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जांच टीम जितेंद्र गुप्ता के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कांग्रेस सेवादल द्वारा 'दल दिवस सप्ताह' पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मैहर।** कांग्रेस सेवादल द्वारा 25 से 31 दिसंबर तक मनाये जा रहे 'दल दिवस सप्ताह' के दूसरे दिन वार्ड क्रमांक 1 में विशाल रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र और ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में वार्ड वासियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। शिविर में मुख्य रूप से ऋषिकेश पांडे,मुकेश सेन,सुषमा अरजरिया और श्याम सेन सहित सेवादल के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सेवादल के पदाधिकारियों ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनसेवा और संगठन की मजबूती है।

## सांसद खेल महोत्सव: ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल का स्वागत



**सतना/मैहर।** 'सांसद खेल महोत्सव-2025' के भव्य समापन समारोह में खेल जगत की दिग्गज साइना नेहवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर मैहर से सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने साइना नेहवाल और सांसद गणेश सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। साइना नेहवाल ने संदेश दिया कि युवा मोबाइल फोन छोड़कर मैदान में उतरें और शारीरिक खेल खेलें।

## कुड़वा कोटेदार की मनमानीः गरीबों के निवाले पर डाका, ग्रामीण करेंगे आंदोलन



**मैहर।** मैहर विकासखंड के ग्राम कुड़वा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान (कोटा) के संचालक की मनमानी से उपभोक्ता बेहाल हैं। ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि कोटेदार राशन को दुकान तक लाने के बजाय रास्ते में ही कालाबाजारी कर देता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले कई महीनों से प्रति कार्ड 5 किलो राशन की कटौती की जा रही है। विरोध करने पर सरकार से राशन कम आने का बहाना बनाया जाता है। राशन के इंतजार में मजदूरों को अपनी दिहाड़ी छोड़नी पड़ती है,जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन और जिला प्रशासन से कई बार शिकायत की,लेकिन केवल आश्वासन मिला। भ्रष्टाचार और रसूख के चलते कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने अब उग्र आंदोलन और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# एनुअल स्पोर्ट्स मीट में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**बच्चों के बैंड दल, परेड ड्रिल एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र के बिचुआ स्थित ज्ञान मंगलमय पब्लिक स्कूल में तीन एनुअलग स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ बुधवार को विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा किया गया जिसमें अतिथि प्रमोद डेहरिया व संकुल प्राचार्य मनोज हल्दकार रहे। सभी बच्चों ने बैंड दल के साथ और परेड ड्रिल डांस के माध्यम से सभी अभिभावकों का मन मोहा। नर्सरी केजी 1 और केजी 2 के बच्चों के द्वारा जलेबी रेस, बैलून रेस,बाल रेस आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बैंड दल, परेड, ड्रिल एवं रंगारंग नृत्य से हुई। बच्चों की अनुशासित चाल, एकरूपता और जोश से भरी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विशेष रूप से नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

नर्सरी, केजी-1 एवं केजी-2 के बच्चों द्वारा आयोजित जलेबी रेस, बैलून रेस एवं बॉल रेस ने कार्यक्रम में उल्लास और मनोरंजन का माहौल बना दिया। मासूम बच्चों की मुस्कान, उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना को देखकर अभिभावक उत्साहित नजर आए।

स्कूल के संचालक सौरभ जैन एवं प्राचार्या श्रीमती सोहनी जैन द्वारा मुख्य अतिथियों एवं विशेष अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक प्रणय पांडेय ने बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन विकसित होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं विशेष अतिथियों ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 2025 का आयोजन आज से प्रारंभ होकर 28 तारीख तक चलेगा, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ज्ञान मंगलम पब्लिक स्कूल का यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देने वाला रहा।

# थाना प्रांगण से किसानों को प्रदान किये जा रहे खाद के टोकन



**पन्ना।** कृषि लाभ का व्यवसाय कैसे बनेगी, जब किसान ही कतारों में खाद के लिए परेषान वहीं प्रषासन भी सुरक्षा को लेकर थाने के सहारे पुलिस की मदद से खाद के टोकन प्रदान करने को मजबूर दास्ता स्वयं ही कर रही बयां। हालात खाद की उपलब्धता को लेकर किसान लम्बे अर्से से परेषान आखिर कृषि कैसे लाभ का व्यवसाय बन पायेगी। जब किसान को समय पर खाद फसल को लेकर उपलब्ध नहीं हो पा रही। इतना ही नहीं हालात स्वयं ही बयां हो रहे है। जिले के अजयगढ़ थाना प्रांगण में लम्बी-लम्बी कतारों में किसान खाद के टोकन लेने को मजबूर है। वहीं प्रषासन के जिम्मेदार अधिकारी तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्वयं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थाना प्रांगण से खाद के टोकन वितरित कर रहे थे। इससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस की ताकत के भरोसे किसानों को खाद के टोकन प्रदान करने को लेकर थाना प्रांगण का सहारा लिया गया। निष्चित ही कई बार लाईन ऑडर की पोजिसन निर्मित हो जाती है। जिसके चलते अब थाना प्रांगण ही उपयुक्त जगह प्रषासन के द्वारा मानी जा रही है। सवाल यह उठता है कि किसानों को खाद उपलब्ध कराने को लेकर आखिरकार प्रषासन व जिम्मेदार जनप्रतिनिधि कब चेतेगें। आखिर क्या किसान को इसी तरह परेषान देखना लाजमी है। जो किसान दिन-दिन भर कतारों में खाद के टोकन लेने के लिए खड़े है। यही अन्नदाता कहलाते है। जबकि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि विकास के सपने सजोये हुए कई बार लम्बी-लम्बी स्पीच देते है। यहां यह पोल साफतौर पर खुल रही है। जब किसान को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा पा रहे तो कृषि कैसे लाभ का व्यवसाय बनेगी। आखिरकार लम्बे अर्से से चाहे बोवनी का समय हो या फिर फसलों में खाद की जरूरत हो। किसान को खाद क्यों नहीं प्रदान की जा रही। आखिरकार यह दास्ता कब तक चलती रहेगी। किसानों के साथ यह कैसा न्याय। पुलिस प्रषासन का सहारा लेकर किसानों को खाद के टोकन प्रदान किये जा रहे। जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अधिकारी इस दास्ता को स्वयं ही देखकर क्या होगें सजग आखिरकार किसान को समय पर कैसे मिले खाद। खाद के अवंटन को लेकर जिले में दास्ता जो बनी हुई है उसका जीता-जागता उदाहरण अजयगढ़ थाने के प्रांगण में किसानों को खाद के टोकन की व्यवस्था ही कर रही बयां। लाईन जो कतार की मानी जाती है उसमें भी किसान को दो या तीन बोरी खाद प्रदान की जाती है दिनभर का समय जाया होता है आखिरकार कैसे किसान की हालात में हो सुधार जिम्मेदार बने बेखबर।

## खबर संक्षेप

### गुनौर में अवैध खाद कारोबार पर प्रशासन की सख्ती, अवैध यूरिया जब्त



**पन्ना-** गुनौर में प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दिनेश ट्रेडर्स गुनौर में बिक रही अवैध खाद यूरिया पर सख्त कदम उठाया है। तहसीलदार द्वारा की गई आकस्मिक जांच के दौरान दुकान पर नियमों के विपरीत यूरिया का भंडारण एवं बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। जांच में पाया गया कि दिनेश ट्रेडर्स निर्धारित मानकों से खाद नहीं बेची जा रही थी, जो सीधे तौर पर किसानों के साथ धोखाधड़ी है। मौके पर मौजूद स्टॉक की जांच की गई तथा संबंधित दुकानदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। तहसीलदार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों को नकली अथवा अवैध खाद बेचने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा आगे भी खाद विक्रेताओं की सघन जांच अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों पर निरंतर निगरानी रखी जाए ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद समय पर उपलब्ध हो सके।सम्पूर्ण कार्यवाही में गुनौर तहसीलदार रत्नराशि पांडेय, गुनौर थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री सहित खाद विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नशामुक्त पन्ना बनाने विशाल रैली निकालकर अखंड दुर्गा चालीसा का भव्य समापन



**पन्ना।** धर्मसम्राट परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा जिला के संयुक्त तत्वावधान में पन्ना जिले के खमरिया हरदुआ में विशाल नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया जिसमें नशामुक्त भारत बनाने जैसे नारे लगे। वहीं नशामुक्ति रैली के पश्चात 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य समापन खमरिया में हुआ जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की विचारधारा प्रमुख पदाधिकारीयों ने रखी वहीं कार्यक्रम के आयोजक हरवंश साहू थे जिन्होंने इस विशाल कार्यक्रम भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के पदाधिकारी समस्त कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पाठक वेयर हाउस स्थित धान खरीदी केन्द्र में समय पर तुलाई न होने पर किसानों ने किया चक्का जाम



**गुनौर -** पाठक वेयर हाउस में चल रहे धान खरीदी केंद्र में किसानों की समय से तुलाई न होने पर किसानों ने आक्रोशित हो कर गुनौर ककराहटी मार्ग में जाम लगा दिया अधिक मात्रा में किसानों द्वारा धान खरीदी केंद्र में पहुंचने से यह समस्या बढ़ी है गुनौर पन्ना मार्ग में स्थित पाठक वेयर हाउस के सामने सड़क के दोनों तरफ धान से भरी ट्रालियों की लाईन लगी हुई है। प्रशासन ध्यान दे कर जल्द तुलाई करा कर किसानों का सहयोग करें।

### फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**पन्ना।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2025-26 की अधिसूचित फसलों के बीमा की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसम्बर तक निर्धारित है। इस संबंध में गत 17 दिसम्बर को लीड बैंक अधिकारी सहित जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के सीईओ एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक मुख्य शाखा पन्ना के प्रबंधक को आवश्यक निर्देश जारी कर समय सीमा में केसीसी धारित ऋणी कृषकों का शत प्रतिशत फसल बीमा करवाने संबंधी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था।



## जेके सीमेंट पन्ना में पहुंचे सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा और पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह सीएसआर कार्यों और आईटीआई मॉडल की सराहना

### आईटीआई छात्रों को हेलमेट व जरूरतमंदों को कंबल वितरण, सामाजिक सरोकारों की बनी मिसाल

**अमानगंज।** जेके सीमेंट पन्ना प्लांट में खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं पन्ना विधायक तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह जी का गरिमामय एवं ऐतिहासिक आगमन हुआ। इस विशेष अवसर पर जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल, एचआर हेड अवनेश कुमार गौतम एवं प्रोजेक्ट हेड मनोज मदान द्वारा दोनों जनप्रतिनिधियों का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों ने सर्वप्रथम जेके सीमेंट के आईटीआई परिसर में कंपनी के संस्थापक स्वर्गीय श्री यदूपति सिंघानिया जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात आईटीआई परिसर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अतिथियों को आईटीआई में संचालित आधुनिक तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं जेके सीमेंट द्वारा सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जेके सीमेंट पन्ना द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए आईटीआई में अध्ययनरत छात्रों को सुरक्षा के उद्देश्य से हेलमेट वितरित किए गए, वहीं गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल प्रदान किए गए। इस मानवीय पहल से लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलकती नजर आई। कार्यक्रम में आईटीआई कॉलेज के प्रिंसिपल मनीष बुनकर, सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा सहित जेके सीमेंट पन्ना के अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने जेके सीमेंट पन्ना द्वारा किए जा रहे सीएसआर कार्यों, आईटीआई संस्थान की गुणवत्ता, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं कंपनी प्रबंधन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जेके सीमेंट पन्ना उद्योग के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और यह मॉडल अन्य औद्योगिक इकाइयों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कंबल प्राप्त करने वाले गरीब एवं बेसहारा लोगों तथा हेलमेट पाने वाले आईटीआई छात्रों ने भी जेके सीमेंट पन्ना का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया।



## जिला रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय पन्ना की रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई। इस मौके पर गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा सहित आवश्यक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। साथ ही समिति के आय स्त्रोत व विभिन्न व्यवस्थाओं के बेहतर प्रबंधन पर भी विचार विमर्श हुआ। सिविल सर्जन एवं समिति के सचिव डॉ. आलोक गुप्ता द्वारा बैठक में जिला चिकित्सालय पन्ना अंतर्गत विभिन्न प्रयोजनों के लिए पानी की सुचारू व्यवस्था, एसी व कूलर के वार्षिक मरम्मत कार्य सहित मेटरनिटी वार्ड में सिस्टर चेम्बर के निर्माण, विभिन्न वार्ड व स्थलों के रेनोवेशन, आवश्यक सामग्री के क्रय तथा 250 बेड के प्रस्तावित नवीन अस्पताल निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता इत्यादि आवश्यकताओं के संबंध में अवगत कराया गया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि रोगी कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से समय पर आयोजित की जाए। उन्होंने समिति की दुकानों के संचालन के बारे में पूछा व विभिन्न माध्यमों से आय बढ़ाने के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष के क्रियान्वित कार्यों की जानकारी लेकर प्रस्तावित कार्यों को नियमानुसार पूर्ण कराने, आगामी बैठक जिला अस्पताल के नवीन सभाकक्ष में आयोजित कराने सहित पार्किंग सुविधाओं के विकास, चिकित्सकों के आवासीय परिसर में पेयजल की सुचारू व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा इस संबंध में आवश्यक कार्य व मेंटेनेंस के दृष्टिगत प्रतिमाह 200 रूपए किराया निर्धारित करने के निर्देश भी दिए।जिला कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सामने की सड़क पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने सहित औषधि स्टोर के मरम्मत कार्य के पूर्व एसडीएम को निरीक्षण के निर्देश भी दिए। साथ ही सीएमओ को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था के साथ दुकानों के सामने बड़े व फिक्स डस्टबिन लगवाने के लिए कहा। इसके अलावा बैठक में जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से नवनियुक्त शासकीय सेवकों के प्रमाण पत्र के लिए 200 रूपए का शुल्क तथा आईपीडी शुल्क 30 रूपए करने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा अस्पताल पुलिस चौकी में आवश्यक सुविधाओं तथा एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के सामने स्थित पोस्टमॉर्टम रूम के भविष्य में अन्यत्र उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी सहित सहायक प्रबंधक डॉ. दिव्या नागवंशी, वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. मीना नामदेव, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, सीएमओ उमाशंकर मिश्रा एवं एनएमडीसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।


## मिनी आईपीएल खेलने छतरपुर पहुंची अमानगंज की बच्चियां



**अमानगंज।** डायमंड स्पोर्ट एकेडमी अमानगंज से मुख्य कोच श्री शैलेन्द्र तिवारी जी के प्रयास से सहायक कोच इंद्रपाल जाटव के नेतृत्व में मोहित यंग आर्मी कप सीज़न 2 मिनी प्ध्स छतरपुर पुलिस लाइन क्रिकेट खेलने गए खिलाड़ी वंशिका जाटव, ब्रजपाल जाटव, मनीषा पाल, अरूण पाल,आलोक पटेल, भक्ती त्रिपाठी, भागीरथ अहिरवार, प्रिंस बागरी, शिल्पी सोनी सभी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा जिसमे से वंशिका जाटव की टीम छतरपुर किंग और मोहित यंग आर्मी सुपर स्टार के बीच हुआ अमानगंज के प्रतिभावान खिलाड़ियों के द्वारा जबरजस्त खेल का प्रदर्शन किया गया। अमानगंज वापिस लौटने पर स्वागत करने में सौरभ तिवारी,लाखू सिंह,अशोक रजक,दयाराम रैकवार, कृष्णा त्रिपाठी, सुनील सेन,बाहरी सेन, सहित अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।खिलाड़ियों का जबरजस्त स्वागत फूल माला पहना कर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागत करने में सौरभ तिवारी, हीरा लाल जाटव,लाखू सिंह,अशोक रजक, बलवान, सत्यम दीक्षित,दयाराम रैकवार, कृष्णा त्रिपाठी, सुनील सेन,बाहरी सेन, सहित अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## पालकी व कलश यात्रा के साथ 151 साप्ताहिक पाठ पारायण महायज्ञ का आगाज





### तपोभूमि श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर में ब्रह्म मुनियों द्वारा किया जाएगा पाठ पारायण का वाचन

**पन्ना।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर में 25 दिसंबर से पाठ पारायण का आगाज हो गया है। इस वर्ष विशेष रूप से 151 साप्ताहिक पाठ पारायण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज श्री प्राणनाथ मंदिर के मुख्य द्वार कमानी दरबारी से पालकी व कलश यात्रा निकाली गई जो बड़ी देवी मंदिर होते हुए बायपास मार्ग से कुंड के समीप किलकिला नदी के किनारे किनारे होते हुए तपोभूमि चोपड़ा मंदिर तक पहुंची। उक्त आयोजन श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षण में श्री प्राणनाथ धर्म प्रचार संगीत मंडल के युवाओं द्वारा आयोजित किया जा रहा है। भीषण ठंडा के बावजूद भी उत्साह के साथ निकली पालकी, कलश यात्रा श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह श्री प्राणनाथ जी मंदिर के मुख्य द्वार कमानी दरवाजे से पालकी एवं कलश यात्रा उत्साह के साथ धूमधाम से निकल गई। भीषण ठंड के बावजूद भी सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु सुंदरसाथ एवं संत महात्मा, विद्वान, विदुषिजन मंदिर के पुजारी एवं धामी समाज के लोगों ने शिरकत की एवं पालकी कलस यात्रा के साथ-साथ तपोभूमि चोपड़ा मंदिर तक 3 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। आज की शोभायात्रा विशेष रही जिसमें बच्चे, बूढ़े, बालक, महिलाएं, युवक-युवतिया ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए श्रीजी की पालकी को चोपड़ा मंदिर तक उत्साह के साथ लेकर पहुंचे। इस धार्मिक का आयोजन में श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी उपाध्यक्ष राजेश शर्मा सचिव प्रेम शर्मा एवं ट्रस्टीयो द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम व्यवस्था की गई है।

### देश के कोने-कोने से पन्ना पहुंचे श्रद्धालु सुंदर साथ-

तपोभूमि चोपड़ा मंदिर में आयोजित 151 पाठ पारायण महायज्ञ में शिरकत करने और धर्म लाभ लेने के लिए देश के कई प्रति जिसमें महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश के कई जिलों से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## शिक्षा की दिशा और दशा समन्वय से ही सुदृढ़ होती है : डॉ. नीरज दुबे



### अग्रणी महाविद्यालय पन्ना में उच्च शिक्षा एवं प्रशासन समन्वय बैठक संपन्न

**पन्ना।** उच्च शिक्षा विभाग, सागर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे द्वारा पन्ना जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की "शिक्षा और प्रशासन समन्वय बैठक" का आयोजन लीड कॉलेज, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एच. एस. शर्मा, डॉ. एस. पी. एस. परमार, वर्तमान प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी. मिश्रा द्वारा माँ वीणा वादिनी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अकादमिक उपलब्धियों तथा संस्थागत आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय सतत प्रयासरत है। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची एवं गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों की उपलब्धियों को संस्थान के लिए गौरव का विषय बताया।

माननीय अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि "आज हम अपने अधिकारों के प्रति तो सजग हैं, किंतु अब समय है कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति भी उतने ही संवेदनशील बनें।"उन्होंने शैक्षणिक नीतियों, छात्र हितकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक उत्तरदायित्वों पर विस्तार से चर्चा की।डॉ. दुबे ने छात्रवृत्ति योजनाओं को प्राथमिकता देने, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने तथा महाविद्यालयों को पूर्णतः डिजिटल मोड में संचालित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि अटेंडेंस सिस्टम एवं ई एचएमआरएस का डिजिटलीकरण पूर्ण हो चुका है, जिससे प्राध्यापकों से संबंधित समस्त डाटा ऑनलाइन उपलब्ध है। उन्होंने ई-ऑफिस, ई-लाइब्रेरी, डिजिलॉकर, अपार आईडी, स्वयं पोर्टल जैसी योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्राचार्यों को निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियाँ सही, समयबद्ध एवं अद्यतन हों। साथ ही पीएम-ऊषा योजना के अंतर्गत प्राप्त वित्तीय संसाधनों का उपयोग महाविद्यालय विकास के लिए प्रभावी ढंग से करने का आह्वान किया। डॉ. दुबे ने महाविद्यालयों में अनुशासन की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता का आधार अनुशासन है। उन्होंने सभी प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों से आत्ममंथन एवं चिंतन के माध्यम से संस्थानों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया तथा व्यक्तिगत स्तर पर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. पी. पी. मिश्रा ने किया। इस बैठक में डॉ. जे. के. वर्मा (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खोरा), डॉ. रजनी सोनी (प्राचार्य, शाहनगर), श्री अरविल कुजूर (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़), डॉ. नीरज शर्मा (प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेंद्रनगर), डॉ. सीमा चौरसिया (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय देवेंद्रनगर), श्री सिद्धू सिंह (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय गुनौर), डॉ. राजकरण कोरी (शासकीय महाविद्यालय पवई), डॉ. नाहिद अख्तर (गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, पन्ना) सहित छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध शिकार पर सख्त कार्रवाई, मोहंद्रा रेंज में जंगली सुअर के शिकार में लिप्त आरोपी गिरफ्तार



### वन विभाग की टीम ने हथगोले भी किए जप्त

**सलेहा।** दक्षिण पन्ना वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र मोहंद्रा में वन्यजीव संरक्षण के तहत एक अवैध शिकार के मामले में प्रभावी कार्रवाई की गई है। दिनांक 25 दिसंबर 2025 को बीट नादन के कक्ष क्रमांक 1183 में बारूद से बने देशी गोले का उपयोग कर जंगली सुअर का अवैध शिकार कर उसका मांस ले जाते हुए ग्राम रैयासांटा निवासी परम बसोर, उम्र 46 वर्ष को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लगभग 4 किलो 500 ग्राम जंगली सुअर का मांस, एक प्लेटिना मोटरसाइकिल तथा शिकार में प्रयुक्त औजार जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात दिनांक 26 दिसंबर 2025 को सर्च वारंट के आधार पर आरोपी के घर की तलाशी ली गई, जिसमें उसके निवास से 3 नग जीवित देशी हथगोले, पक्षियों को पकड़ने वाला जाल तथा बारूद जप्त किया गया। यह बरामदगी मामले की गंभीरता को और अधिक स्पष्ट करती है। यह कार्रवाई रेंज ऑफिसर राहुल मिश्रा के निर्देशन में वन अमले एवं पुलिस के सहयोग से की गई।

## प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में होगा खाद का वितरण: कलेक्टर

### छतरपुर रैक प्वाइंट पर 2632 मी.टन यूरिया खाद पहुंचा, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**छतरपुर।** शुक्रवार को छतरपुर रेलवे स्टेशन पर यूरिया खाद एनएफएच कंपनी की रैक विजयपुर गुना से 2632 मीट्रिक टन पहुंची। रैक प्वाइंट पर पहुंचकर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने खाद की परिवहन एवं वितरण के संबंध में निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुव्यस्थित ढंग से खाद वितरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद के तत्काल उठाव के लिए ट्रकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए और विपणन संघ को 1850 मी.टन और निजी विक्रेताओं को 782 मी.टन यूरिया खाद भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा खाद के परिवहन एवं वितरण में किसी भी प्रकार की शिकायत और लापरवाही आने पर संबंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने पूरे खाद के परिवहन एवं वितरण प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में कराने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने कहा किसानों को किसी भी प्रकार से परेशान न होना पड़े और सरकारी रेट पर खाद मिले। जिसके लिए अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने अधिक पीओएस मशीन से खाद वितरण कराने के निर्देश दिए ताकि भीड़ न हो। साथ ही किसानों के बैठने एवं पेयजल आदि की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

निजी विक्रेता भी संबंधित तहसील अंतर्गत डबल लॉक केंद्रों से वितरित करेंगे खाद

कलेक्टर के निर्देशन में शुक्रवार को प्राप्त खाद की रैक से विपणन संघ के भण्डारण केन्द्र छतरपुर को 358 मी.टन, बिजावर को 130, बडामलहरा को 130, बमीठा को 130, लवकुशनगर को 150, गढीमलहरा को 130, बुन्देलखण्ड विपणन सहकारी समिति नौगांव को 81, एमपी एग्रो छतरपुर को 81 मी.टन एवं समितियों में 660 मी. टन (बगौता, मातगुवा, गठेवरा, बरकौहा, रामपुर ढिलापुर, रामपुरकुर्रा, सलैया, गरौली, राजनगर, बसारी, चन्द्रनगर, गंज, मुडेरी, कटहरा, सरबई, कौथेहा, पडवार, देवरा, एवं डिकौली) कुल 1850 मी.टन का भण्डारण शुरू हुआ। जहॉ से कृषकों को यूरिया खाद वितरण किया जाएगा। निजी उर्वरक विकेताओं को संबंधित तहसील के डबल लॉक वितरण केन्द्र से कृषकों को विक्रय किया जाएगा। निजी विक्रेता भगवानचरण पटेल संजयनगर को 36 मी.टन, चौधरी ट्रेडर्स राजनगर 9, दुलारिया खाद भण्डार राजनगर 18, गोस्वामी बीज भण्डार छतरपुर 75, गुप्ता खाद भण्डार चंदला 27, हलदर आयरन स्टोर हरपालपुर 45, जटाशंकर दाल उद्योग बिजावर 13.500, जटाशंकर कृषि सेवा केन्द्र बिजावर, 4.500, नमस्तु ट्रेडर्स छतरपुर 25, पवन इंटर प्राईजेज छतरपुर 71, संतोष ट्रेडिंग कम्पनी छतरपुर 90, श्रीजी बीज भण्डार बमीठा 36, शालनी दिनेश कुमार अग्रवाल बिजावर 25.200, वर्धमान एण्ड कम्पनी सटई 7.100, तिवारी ट्रेडर्स छतरपुर 4.500 मी. टन का वितरण प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में किया जायेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**छतरपुर।** बमीठा ओवर ब्रिज बायपास रोड की नाली के पास शुक्रवार को एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान खैरी निवासी सरजू कुशवाहा के रूप में हुई है।

शव के पास सल्फास की खुली डिब्बी मिली है, जिससे प्राथमिक रूप से आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही बमीठा पुलिस आरक्षक भानू पटेल एवं डायल 112 के पायलट दीपेंद्र अवस्थी घटनास्थल पर पहुंचे।

आरोप : जेलर जाटव ने जेल प्रहरी संजय सोनकिया के हाथों में मौखिक तौर पर जेल कि सौंप रखी थी अवैध वसूली कि कमान

छतरपुर जेल कि कानून व्यवस्था, आज करेंगे ज्वाइन

# जेल डीजीपी डॉक्टर वरुण कपूर ने जेलर दिलीप सिंह जाटव को छतरपुर से हटाकर रीवा किया अटैच




रीवा उप जेल अधीक्षक योगेंद्र पवार संभालेंगे

**छतरपुर।** जिला जेल छतरपुर में पिछले कुछ दिनों से फैली अव्यवस्थाओं और एक सजायाफ्ता कैदी द्वारा जेल की छत से कूदकर आत्महत्या किए जाने के बाद मामले ने तूल पकड़ा। और जेल डीजीपी डॉक्टर वरूण कपूर ने एक आदेश जारी कर जेलर दिलीप सिंह जाटव को छतरपुर से हटाकर उनके स्थान पर केन्द्रीय जेल रीवा के उपजेल अधीक्षक योगेन्द्र पवार को छतरपुर जेल का प्रभार कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सौंपा गया है। और जेलर दिलीप सिंह जाटव को छतरपुर जेल से हटाकर रीवा अटैच कर दिया गया है। उपजेल अधीक्षक योगेन्द्र पवांर ने चर्चा के दौरान बताया कि आज ही जिला जेल पहुंचकर ज्वाईन करूंगा। वह रीवा में पिछले दो साल से जेल उपअधीक्षक के पद पर पदस्थ रहकर जेल में अच्छी सेवाएं दे रहे थे।

### डॉक्टरों की पैनल ने किया मृतक कैदी के शव का पीएम -

जेल की छत से कूदकर आत्महत्या करने वाले शंकर प्रजापति के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल की टीम ने किया। सुबह से ही मृतक के परिजन अस्पताल में हंगामा करते रहे और जेल प्रशासन पर प्रताडन्ना के गंभीर आरोप भी लगाते रहे। साथ ही पोस्टमार्टम कराने के लिए पहले परिजन तैयार नही हुए सभी परिजन जेल प्रशासन के मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और वहां पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन कोतवाली टीआई अरबिंद दांगी को दिया। साथ ही दूसरा आवेदन कलेक्टर के नाम सौंपा जिसमें मांग की गई की शंकर प्रजापति द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। डिप्टी कलेक्टर ने ज्ञापन लेते हुए पूरी तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया। तब कहीं मृतक कैदी के परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। और डॉक्टरों की पैनल के साथ न्यायायिक मजिस्ट्रेट संघशिखा बशंकार और मृतक के परिजनों की मौजूदगी में जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत परिजन शव लेकर गांव के लिए रवाना हो गए। इस पूरे मामले की न्यायिक जांच भी चल रही है जिसकी जिम्मेदारी न्यायिक मजिस्ट्रेट संघशिखा बशंकार को सौंपी गई है।

### अवैध बसूली की जिम्मेदारी सालों से छतरपुर जिला जेल में जमे प्रहरी संजय सोनकिया के पास थी, के आरोप जेल में बंद कैदियों के परिजनों ने लगाए -

जेलर दिलीप जाटव ने पदभार सभालने के बाद बसूली की कमान जिला जेल में प्रहरी संजय सोनकिया को मौखिक सौंप रखी थी। जेल प्रहरी पुष्पा अहिरवार के साथ संजय सोनकिया भी पूरी तरह से बसूली में शामिल रहे। अवैध कमान कि बसूली का विडिओ पुष्पा अहिरवार का वायरल होने के चलते सेन्ट्रल जेल अधीक्षक सतना द्वारा सस्पेंड कर दिया है, लेकिन संजय सोनकिया कि ऊपर कार्रवाई नही हुई है, जो कि जांच का विषय है। चूँकि संजय सोनकिया स्थानीय है, और लम्बे समय से जिला जेल छतरपुर में पदस्थ है। सूत्रों कि अगर बात कि जाए तो संजय सोनकिया के पास जेल में झाड़ू लगाने कि कमान, मुलाक़ात, अस्पताल और कैंटीन के माध्यम से पुष्पा अहिरवार के साथ अवैध प्रतिबंधित सामान गुटखा, बीड़ी, तम्बाकू और गांजा को जेलर द्वारा तैयार रेट के अनुसार अंदर भिजवाकर केदियों के पास पहुँचाने कि जिम्मेदारी निभा रहे थे। स्थानीय जिला का निवासी होने के चलते हर कोई संपर्क संजय से ही करता था। फिर संजय स्थानीय संपर्क कर कैदी के कद के अनुसार रेट निर्धारित करता था, के आरोप काफ़ी समय से संजय सोनकिया के ऊपर लगते अ रहे हैं। संजय सोनकिया ही जेल में कैदियों के कद के अनुसार बसूली का रेट निर्धारित करता था, जो कि एक गंभीर जांच का विषय है। हालांकि जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि किसी को बख्शा नहीं जाएगा, बारीकी से जांच हो रही है।

# मिशन रोशनी के तहत सैकड़ों नेत्र रोगियों को मिला लाभ



### 700 मरीजों की जांच, 190 ऑपरेशन हेतु चिन्हित

**छतरपुर।** पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से हनुमान टोरिया मंदिर परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों की संख्या में नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क जांच, दवा एवं परामर्श का लाभ मिला। हनुमान टोरिया सेवा समिति के मार्गदर्शन एवं श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के संयोजन में आयोजित यह शिविर अरुण गुप्ता द्वारा अपनी पुत्रवधु कनिका गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। हनुमान टोरिया सेवा समिति के गिरजा पाटकर ने जानकारी देते हुए बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट से आए डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. प्रदीप मिश्रा सहित 10 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम द्वारा कुल 700 नेत्र रोगियों की जांच की गई। इनमें से 190 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। चिन्हित मरीजों में से 95 मरीजों को उसी दिन चित्रकूट भेजा गया, जबकि शेष मरीजों को आगामी 2 जनवरी को हनुमान टोरिया के नीचे स्थित साईं मंदिर से चित्रकूट रवाना किया जाएगा। अन्य सभी मरीजों को आवश्यक दवाएं एवं निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर अपूर्व गुप्ता, हरि प्रकाश अग्रवाल, गिरजा पाटकर, प्रकाश जैन, विपिन अवस्थी, राजेंद्र नीखरा, प्रभा वैध, एस.पी. श्रीवास्तव, नारायण मिश्रा, सौरभ तिवारी, रमेश खरे, पप्पू महाराज, अनिल सोनी, अरविंद खरे, लखन सोनी, प्रद्युम गुप्ता, मद्दू नेता, संतोष नामदेव, डी.सी. पाठक, एम.एल. विश्वकर्मा, मयंक नामदेव, प्रिंस गुप्ता, हर्ष रैकवार, राज वर्मा सहित हनुमान टोरिया सेवा समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# 70वे महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को पांच रोमांचक मुकाबला खेले गए



**नौगांव।** शुक्रवार को खेले गए पांच रोमांचक मुकाबले, कीड़ा सभापति अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की शुक्रवार को पहला मुकाबला ओम साईं राम बी बनाम पिपरी सुपर के मध्य खेला गया ओम साइन राम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित सात ओवर में 40 रन बनाए और 41 रनों का लक्ष्य रखा लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिपरी सुपर की टीम ने आसानी से इस मैच को पांचवे ओवर में 9 विकेट से मैच को जीत लिया दूसरा मुकाबला राधा रानी बनाम नौगांव टाइगर के मध्य खेला गया राधा रानी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया और नौगांव टाइगर को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया नौगांव टाइगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 61 रन बनाए और 62 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी राधा रानी की टीम मात्र 49 रन ही बना सकी और इस मैच को नौगांव टाइगर की टीम ने 13 रनों से मैच को जीत लिया तीसरा मुकाबला डैन बिल्जेरियन बनाम पिपरी जूनियर के मध्य खेला गया डैन बिल्जेरियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 59 रन बनाए और 60 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिपरी जूनियर की टीम ने पांच विकेट से इस मैच को बड़ी ही आसानी से जीत लिया पिपरी जूनियर की टीम से शानदार बल्लेबाजी करते हुए मनोज रैकवार ने 24 गेंद पर 46 रन बनाएं जिसमें सात चौके शामिल है दिन का चौथा मुकाबला खजांची स्पोर्टिंग बनाम धौरा सरकार के मध्य खेला गया खजांची स्पोर्टिंग ने टॉस जीतकर अपने निर्धारित आठ ओवरों में 66 रन बनाए और 67 रनों का लक्ष्य दिया खजांची स्पोर्टिंग की ओर से कलीम अंसारी ने 24 गेंद पर 36 रन बनाए जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल है जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी धौरा सरकार की टीम मात्र 48 रन ही बनासा की और इस मैच को खजांची स्पोर्टिंग ने 18 रनों से जीत लिया दिन का पांचवा और अंतिम मुकाबला बीडीसीए बनाम शिवहरे सीसीटीवी के मध्य खेला गया बीडीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित आठ ओवरों में 83 रन बनाएं और 84 और रनों का लक्ष्य दिया बीडीसीए की टीम से विनीत सैमसंन ने 21 गेंद पर 38 रन बनाएं जवाब में बल्लेबाजी करनी उतरी शिवहरे सीसीटीवी की टीम 69 रन ही बना सकी और इस मैच को

सीएमओ की निष्क्रियता के चलते नगरवासी परेशान, बीमारियों का खतरा बड़ा

# महादेव अवस्थी CMO लवकुशनगर नल जल योजना से जनता को पिला रहे दूषित पानी

**लवकुशनगर।** एक ओर सरकार नल जल योजना के माध्यम से लोगों के घर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर नगर परिषद लवकुशनगर के सीएमओ महादेव अवस्थी की निष्क्रियता के चलते नगरवासी नलों से बदबू दार एवं दूषित पानी पीने को मजबूर है।

कहने के लिए नगर परिषद द्वारा घर घर नल कनेक्शन पहुंचा दिए गए, लेकिन इन्हीं नलों से कीचड़ मिला, बदबूदार और दूषित पानी जब आने लगा तो नगरवासियों में भारी नाराजगी देखी गई। नगर परिषद के इस सीएमओ की लापरवाही से नगरवासियों में संक्रामक बीमारियां अर्थात जल जनित बीमारियां फैलने की अशंका बनी हुई है। कहने के लिए नल जल योजना के तहत पानी को फिलटर प्लान्ट से शुद्ध बताकर घर घर सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन शुद्ध पानी की जगह जब गन्दा और बदबू दार पानी लोगों को मिल रहा है, तो इससे नगर परिषद सीएमओ की दोहरी



कार्यशैली उजागर हो रही है। पानी की तस्वीरें देखकर साफ जाहिर हो रहा है कि सप्लाई लाइन के माध्यम से जो पानी लोगों तक पहुंच रहा है वह गन्दा है यह दूषित पानी पीने से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

### फिल्टर पानी का बादा भूली नगरपरिषद लवकुशनगर -

नगर परिषद ने स्थानीय लोगों को नल जल योजना के माध्यम से फिल्टर पानी देने का बादा किया था, लेकिन नगर परिषद के सीएमओ अपना बादा भूल गए और पाईप लाईन के माध्यम से लोगों को ऐसा पानी मिल रहा है कि जिसे पीना तो दूर लोग छूने से भी घबरा रहें है। हकीकत में पानी तो मिल रहा है, लेकिन वह अनउपयोगी है और इसको पीने से लोग बीमार हो सकते है।

### दूषित पानी से बीमारियां फैलने की आशंका -

नगर परिषद सीएमओ की लापरवाही का खामियाजा नगर की जनता को भोगना पड़ रहा है। दूषित पानी के संबंध में स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के पानी से दस्त, टाईफ़ाइड और अन्य जलजनहित बीमारियां तैजी से फैली सकती है। कहने के लिए नल जल योजना के तहत पानी मिल रहा है। लेकिन पानी दूषित होने के कारण लोग मजबूर होकर फिल्टर प्लान्ट से पानी की बोतले खरीद रहें है। गन्दे पानी की सप्लाई से आक्रोषित नागरिकों ने जिम्मेदार अधिकारियों से तुरंत पाईप लाईन की जांच, फिल्टर प्लान्ट की हकीकत जानने की मांग की है।

### 14 करोड़ की बताई जा रही नल जल योजना -

शासन ने 14 करोड़ से नगर की नल जल योजना की शुरूवात की है लेकिन यह पैसे कागजों में खर्च हो गए पानी की सफाई के लिए कोई प्रयास नही किए जा रहें है। जिस कारण मजबूर होकर लोगों को गन्दा पानी पीना पड़ रहा है और यह पानी पूरे 15 वार्डो में सप्लाई होता है। सजंयनगर की उर्मिल नदी से पानी की सप्लाई और फिल्टर प्लान्ट लवकुशनगर के वार्ड नंबर 09 ओम साईं राम कॉलोनी मे लगा हुआ है। लेकिन इस फिल्टर प्लान्ट का सही उपयोग न होने से पानी दूषित सप्लाई होता है। यह भी आरोप है कि नगर परिषद लवकुशनगर के सीएमओ अधिकांशतः मुख्यालय से गायब रहते है।

# सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत, दो गंभीर घायल

### धुंध के कारण बाइक जानवर और फिर पेड़ से टकराई

**छतरपुर।**

जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तीनों दोस्त क्रिकेट टूर्नामेंट देखकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे।



जानकारी के अनुसार ग्राम बरा निवासी राजेश, कालिया और विक्रम तीनों युवक बाइक से 9 किलोमीटर दूर महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टटम में क्रिकेट टूर्नामेंट देखने गए थे। देर शाम टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद वे वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान शाम का अंधेरा और धुंध के कारण सड़क पर दृश्यता कम थी। रास्ते में तेज रफ्तार बाइक सड़क पर जा रहे एक जानवर से टकरा गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पास के पेड़ से जा भिड़ी।

हादसे में बाइक चला रहे 19 वर्षीय विक्रम अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ बैठे राजेश और कालिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों का उपचार जारी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में एएसपी आदित्य पटले ने बताया कि युवक क्रिकेट टूर्नामेंट से लौटते समय हादसे का शिकार हुआ है। बदलते मौसम में धुंध और कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम हो जाती है, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं घटित होती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वाहन धीरे चलाएं और लाइट का सही उपयोग करें, ताकि हादसों से बचा जा सके। फिलहाल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किशनगढ़ पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

### तीन चोर गिरफ्तार, 7 लाख की संपत्ति बरामद



**छतरपुर।** जिले के थाना किशनगढ़ पुलिस ने ग्राम कुपी में हुई घर से चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के कीमती आभूषण, चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन सहित करीब 7 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल में मामले का खुलासा करते हुए एएसपी आदित्य पटले ने बताया कि थाना किशनगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुपी निवासी फरियादी रामाधीन यादव के घर माह सितंबर में अज्ञात चोरों द्वारा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए थे। फरियादी की शिकायत पर थाना किशनगढ़ में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक और तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान संदिग्धों की गतिविधियों और आपसी संपर्क की जानकारी सामने आई। पूछताछ में आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने रविकांत यादव निवासी ग्राम देवरा, शैलेंद्र यादव निवासी ग्राम लक्ष्मणपुरा और प्रदीप सोनी निवासी ग्राम देवरा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से हार, झुमकी, हाफ पेटियां, बिछिया, पायल, चूडिय़ां सहित विभिन्न सोने-चांदी के आभूषण, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस कार्रवाई में एसडीओपी बिजावर के मार्गदर्शन में थाना किशनगढ़, ईसानगर, पिपट, बिजावर पुलिस व साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनटीपीसी विंध्याचल वीवा क्लब में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया क्रिसमस उत्सव




**एनटीपीसी।** विंध्याचल में 25 दिसंबर 2025 को वीवा क्लब में आयोजित सायंकालीन कार्यक्रम के दौरान क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) एवं अध्यक्ष (वीवा) तथा श्री राहुल वर्मा, अपर महाप्रबंधक (एयूडी) एवं उपाध्यक्ष (वीवा) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उत्सव में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी सौहार्द, एकता एवं उल्लास के वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान केक कटिंग, गीत-संगीत, नृत्य तथा सैंटा कैप, चॉकलेट एवं टॉफियों के वितरण ने बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।

इस अवसर पर श्री मुकेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर), श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं श्रीमती कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन ने क्रिसमस के मूल भाव—खुशी, साझा करने की भावना और एकता को सजीव रूप में प्रस्तुत करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल परिवार के आपसी संबंधों को और सुदृढ़ किया।

# हिंडाल्को महान में संविदाकार मीट आयोजित, सुरक्षित कार्य संस्कृति को लेकर साझा हुई जिम्मेदारियाँ

**सिंगरौली।** हिंडाल्को महान में 24 दिसंबर को संविदाकारों के साथ समन्वय को सुदृढ़ करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से तीसरी वार्षिक संविदाकार मीट का आयोजन किया गया। इस मीट में 80 से अधिक संविदाकारों एवं उनके प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए सुरक्षा, अनुपालन और संस्थागत प्रक्रियाओं से जुड़े विषयों पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आदित्य वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षा संकल्प लिया। पर्चेज हेड राम जतन गुप्ता ने बैठक में शामिल विभागाध्यक्षों, संविदाकारों एवं अन्य समस्त प्रतिभागियों का स्वागत-अभिनंदन करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संविदाकार किसी भी औद्योगिक संस्थान की कार्यप्रणाली का अहम आधार होते हैं और उनके सहयोग से ही सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध कार्य संभव हो पाता है। उन्होंने सभी से संस्थान के नियमों, सुरक्षा मानकों और निर्धारित प्रक्रियाओं का पूरी निष्ठा से पालन करने का आग्रह किया।

इसके पश्चात पावर प्लांट हेड एवं सेफ्टी सब-कमेटी के सब-चेयरमैन प्रांजल पाठक ने कहा कि सुरक्षा केवल दस्तावेज़ों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसे कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने संविदाकारों से अपेक्षा जताई कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराते हुए श्रमिकों को नियमित रूप से जागरूक और प्रशिक्षित करें।



स्मेल्टर हेड एस. शशि कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हिंडाल्को महान में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें संविदाकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब प्रबंधन और संविदाकार साझा दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हैं, तभी दुर्घटनामुक्त कार्यस्थल का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

कास्ट हाउस प्रमुख संजय चतुर्वेदी ने कहा कि उच्च तापमान एवं संवेदनशील प्रक्रियाओं वाले क्षेत्रों में सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीर परिणाम ला सकती है। उन्होंने इसे सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सजगता ही सुरक्षित कार्य वातावरण की आधारशिला है।

मैकेनिकल हेड आदर्श ने मशीनरी एवं उपकरणों से जुड़े कार्यों में सुरक्षा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छोटी-सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने उपकरणों की नियमित जांच, सेफ्टी गार्ड्स की उपलब्धता और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

कार्मिक प्रबंधक जमाल अहमद ने संविदाकारों से जुड़े विषयों पर स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यरत श्रमिकों को समय पर वेतन, बोनस एवं अन्य वैधानिक लाभ कंपनी की पॉलिसी के अनुरूप दिए जाना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि श्रमिकों से संबंधित कंप्लायंस और शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि कार्यस्थल पर विश्वास और अनुशासन बना रहे।

कार्यक्रम के दौरान महान विभाग के कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा जागरूकता पर प्रस्तुति दी गई। वहीं अभिषेक उपाध्याय एवं उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सुरक्षा संदेश को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मीट के दौरान समूह अभ्यास, खुला मंच संवाद और पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन हुआ। अंत में सुरक्षा मानकों का संपूर्ण रूप से पालन करने वाले संविदाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

एक प्रतिभागी ने कहा कि हिंडाल्को महान में सुरक्षा को सर्वोच्च महत्व दिया जाता है और इस तरह की संविदाकार मीट से न केवल सुरक्षा की समझ बढ़ती है, बल्कि प्रबंधन और संविदाकारों के बीच बेहतर तालमेल भी स्थापित होता है। कार्यक्रम के अंत में चंद्रशेखर साहू ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और मीट का समापन हाई टी के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### दादी की बरसी में पोते पर कुल्हाड़ी से हमला, गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव की घटना

रीवा। एक परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। हमलावर कोई और नहीं बल्कि घायल का चाचा और चचेरा भाई था, जो बरसी में निमंत्रण ना देने से नाराज थे। आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी से किए गए हमले में घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। दरअसल मामला जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र टीकर गांव का है, जहां बुधवार की शाम यादव परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान हुएविवाद में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल उद्‌मणि यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि घर में बुधवार को उसकी दादी की बरसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिस दौरान वह मेहमानों कोखाना खिला रहा था, तभी उसके चाचा अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपी का उनके परिवार से पूर्व से ही विवाद चल रहा था, ऐसे में बरसी कार्यक्रम में निमंत्रण ना देने से वह नाराज थे और इसी बात को लेकर विवाद करते हुए घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पीड़ित ने मामले की शिकायत गोविंदगढ़ थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मैन्युअल स्कैवेजिंग की निगरानी समिति की बैठक 29 को

रीवा। मैन्युअल स्कैवेजिंग की जिला स्तरीय सतर्कता और निगरानी समिति की बैठक 29 दिसम्बर को आयोजित की गई है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे आरंभ होगी। प्रभारी जिला संयोजक रूचि तिवारी ने समिति के सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### बैठक का पालन प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करें - कमिश्नर

रीवा । कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को बैठकों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 29 सितम्बर तथा संभाग की प्रभारी सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी अपर मुख्य सचिव खाद्य विभाग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के निर्देशों का पालन प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करें। इसके साथ-साथ कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की भी सभी अधिकारियों को जानकारी दी गई है। उन पर की गई कार्यवाही का भी प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराएं। संभागीय ग्रुप में बैठकों के एजेण्डा बिन्दु की जानकारी उपलब्ध है।

# बिजली चोरी की शंका पर पहुंची विजलेंस टीम, जांच के दौरान युवक को आया साइलेंट अटैक, हुई मौत, घटना का वीडियो वायरल





रीवा।

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोम गांव में बिजली चोरी के शक में छापा मारने पहुंची बिजली विभागकी विजलेंस टीम की जांच के दौरान उपभोक्ता को साइलेंट अटैक आने मौत हो गई। वही अब घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसमें युवक बातचीत के दौरान अचानक गिरता नजर आ रहा है। वहीं मृतक के परिजनों ने टीम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के दौरान मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच टीम में शामिल सदस्य मौके से भाग खड़े हुए तो वहीं घायल को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार से पहले ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने विजिलेंस टीम के दो सदस्यों को हिरासत में लिया और वहीं विभाग के उडन्नदस्ता वाहन को भी जप्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि बिजली चोरी की शंका में बिजली विभाग की उडन्न दस्ता टीम गुरुवार की सुबह तकरीबन 11 बजे चोरहटा थाना क्षेत्र के डोमा गांव में उपभोक्ता के ठिकाने पर छापे मार कार्रवाई करने पहुंची थी, जहां घर के बगल में स्थित मोबाइल टावर में मौजूद चौकीदार बालेंद्र चतुर्वेदी से जबरन दरवाजा खुलवाया गया, जब उसने जानकारी मकान मालिक को दी तो वहां उपभोक्ता राजेश कुमार चतुर्वेदी निवासी डोम पहुंचे थे, जिसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें विजलेंस टीम के अधिकारी और उपभोक्ता साधारण तरीके से आपस में बातचीत करते नजर आ रहे है, इसी बीच उपभोक्ता अचानक से गस खाकर जमीन पर गिरता नजर आया और दोबारा नहीं उठा।आनन-फानन में राजेश कुमार चतुर्वेदी को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उनकी मौत हो गई। वही परिजनों का घटना के संबंध में आरोप है कि घटना के बाद विजिलेंस टीम में शामिल विपिन सिंह साहित अन्य लोग वहां से फरार हो गए लेकिन दो लोगों को ग्रामीणों ने घेर लिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही चोरहटा पुलिस मौके पर पहुंची जहां से दो लोगों को हिरासत में लिया। साथ ही उडन्नदस्ता लिखे वाहन को भी जप्त किया गया। संजय गांधी अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा ने बताया कि उनको अस्पताल में लाया गया था जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें चेक किया लेकिन उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी, प्रथम जिला मला साइलेंट हार्ट अटैक का समझ में आ रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा।

# संजय गांधी अस्पताल में महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म

रीवा ।

जिले गांधी स्मारक चिकित्सालय में बैढ़न से आई महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म दिया है बाल एवं शिष्य रोग विभाग में बच्चों का उपचार चल रहा है , विभागाध्यक्ष बोले तीन चार हज़ार प्रसुताओं में से एक ही महिला प्रसव के दौरान तीन बच्चों को देती है जन्म बैढ़न की एक महिला ने



रीवा के गांधी स्मारक चिकित्सालय में तीन बच्चों को जन्म दिया है जिनमें से तीनों बच्चों की हालत स्थिर बनी हुई है बताया जा रहा है कि प्रसव के दौरान जन्मे तीन नवजात शिशुओं में से दो नवजात शिशुओं का वजन लगभग 1 किलो के आसपास है जबकि तीसरे नवजात शिशु का वजन 600 ग्राम के लगभग है विशेषज्ञों के मुताबिक जिन नवजात शिशुओं का भजन 1 किलो के आसपास होता है उनके जीवित रहने की संभावना 600 ग्राम के जन्मे शिशुओं से अधिक होती है पूरे मामले को लेकर पीडियाट्रिक विभाग के एचओडी डॉ नरेश बजाज का कहना है कि आईवीएफ के माध्यम से गर्भधारण करने वाली महिलाओं में तीन या उससे अधिक नवजात शिशुओं को जन्म देने के मामले बढ़े हैं लेकिन सामान्य गर्भधारण के बाद तीन और 4000 में से केवल एक या दो मामले ही ऐसे होते हैं जिसमें गर्भस्थ शिशुओं की संख्या 2 से अधिक होती है जिस महिला ने तीन नवजात शिशुओं को जन्म दिया है उनमें से सबसे कम वजन वाले शिशु की स्थिति नाजुक है जिसे हमारी टीम द्वारा बचाने के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं।

# बाल भवन में किया गया बाल दिवस का आयोजन



रीवा

बाल भवन रीवा में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों की वीरता और बलिदान को याद किया गया। इसके साथ वीर बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला, भाषण, कहानी लेखन, पुस्तक पाठन और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता के आयोजन में वर्षा गुप्ता तथा रामाश्रय पटेल ने सराहनीय योगदान दिया।

# आरोग्य एवं नक्षत्र वाटिका भावी पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ेंगे : राज्यमंत्री

## पशुपालन राज्यमंत्री ने किया नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन

रीवा।

गत दिवस पशुपालन तथा डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल ने पशुपालन महाविद्यालय रीवा में आरोग्य एवं नवग्रह नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि आरोग्य एवं नवग्रह नक्षत्र वाटिका जैसे नवाचार पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ भावी पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ेंगे। स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर पशुपालन महाविद्यालय में नक्षत्र वाटिका का शुभारंभ करके सराहनीय नवाचार किया गया है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे राष्ट्रभक्त तथा सुशासन के हिमायती थे। उन्होंने देश की राजनीति को शुचिता का पाठ पढ़ाया। अटलजी सभी में



समान रूप से लोकप्रिय और सर्वमान्य नेता थे। राज्यमंत्री ने कहा कि पशु चिकित्सा और पशुपालन के क्षेत्र में आयुर्वेदिक ज्ञान का पूरा उपयोग किया जाए। विभाग में शीघ्र ही पशु चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। किसान खेती के साथ-साथ पशुपालन को अपनाकर खेती को लाभदायक बना सकता है। खेती के साथ-साथ पशुपालन का भी देश के सकल घरेलू उत्पाद में उल्लेखनीय योगदान है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरू डॉ मनदीप शर्मा ने कहा कि नक्षत्र वाटिका विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। इसका विकास, स्वास्थ्य, अनुसंधान और जागरूकता केन्द्र के रूप में करें। इथनो वेटनरी मेडिसिन वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता है। हमें इसे अपनाना चाहिए। समारोह में राज्यमंत्री तथा कुलगुरू ने पर्यावरण संरक्षण के लिए महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित किए। समारोह में विशिष्ट अतिथि भोलानाथ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में डीन पशु चिकित्सा महाविद्यालय डॉ अजीत प्रताप सिंह, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आधुनिक कृषि उपकरणों को देखकर आकर्षित हुए किसान


**रीवा** । रीवा जिले के बसामन मामा में गत दिवस किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। किसान सम्मेलन में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शामिल हुए। सम्मेलन के साथ कृषि विभाग कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आधुनिक कृषि उपकरणों की आकर्षक और विशाल प्रदर्शनी लगाई गई। आधुनिक कृषि उपकरणों को देखकर किसान आकर्षित हुए। किसानों ने उपकरणों के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से उत्सुकता के साथ जानकारी ली। इस संबंध में सहायक संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने बताया कि प्रदर्शनी में हल से लेकर हार्वेस्टर तक के आधुनिक कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नरवाई के प्रबंधन की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, मल्चर, सुपर सीडर,



हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, बेलर, हे-रेक तथा स्लेशर जैसे आधुनिक उपकरण प्रदर्शित किए गए। इनके उपयोग से नरवाई से खाद बनाने और आसानी से फसलों की बोनी की तकनीक बताई गई। प्रदर्शनी में रोटरी ट्रिलर, धान का रोपा लगाने वाली मशीन, चीसल प्लाऊ, यूरिया और दवा का छिड़काव करने वाले ड्रोन तथा लेजर लैण्ड लेबरल प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से जुड़े उपकरण जैसे दालमिल, राइसमिल तथा पल्वनाइजर का भी प्रदर्शन किया गया। सहायक संचालक ने बताया कि किसान सम्मेलन में आयोजित प्रदर्शनी में कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय से जुड़े 49 कृषि उपकरण निर्माताओं द्वारा 105 कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। किसानों को आधुनिक उपकरणों की तकनीक तथा उससे जुड़े साहित्य का वितरण किया गया। प्रदर्शनी में एक ही स्थान पर सभी आधुनिक कृषि उपकरण देकर कई किसानों ने इनकी जानकारी ली। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के संभागीय कार्यालय रीवा और शहडोल तथा जिले के अमले ने मिलकर प्रदर्शनी को अमलीजामा पहनाया।

# शहर के वार्ड 43 में जंगली जानवर की दहशत, सीसीटीवी में कैद हुआ जानवर, पालतू जानवरों को बनाया शिकार

**रीवा**। शहर के कृष्णा नगर स्थित वार्ड 43 में जंगली जानवर की दहशत फैली हुई है। इलाके में तेंदुए की तरह जंगली जानवर देखे जाने की चर्चा भी जोरो पर है, वही एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक जानवर सड़क पर चलता दिखाई पड़ रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह फुटेज स्थानीय मोहल्ले का ही है, वही दावा किया जा रहा है कि वार्ड और मोहल्ले में सक्रिय जंगली जानवर द्वारा पालतू जानवरों को भी अपना शिकार बनाया गया है। बता दे कि शहर के भीतर स्थित मोहल्ले में जंगली जानवर के होने की पुष्टि खुद वार्ड 43 के पार्षद पुत्र पीतांबर कुशवाहा ने की है। पार्षद पुत्र ने



इलाके में तेंदुए की तरह दिखने वाले जंगली जानवर के सक्रिय होने की पुष्टि करते हुए वार्डवासियों को सतर्क और सावधान किया है। फिलहाल हाल घटना की सूचना वन विभाग को भी दे दी गई है,साथ ही लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# 31 दिसंबर को पर्यटकों के लिए खुला रहेगा व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू सेंटर, नए साल पर बढ़ेगी रौनक

**जू प्रबंधन ने शुरू की तैयारी, कंट्रोल रूम से होगी निगरानी केन्द्र में 27 प्रजाति के कुल 112 वन्य प्राणी हैं**

रीवा।

महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू सेंटर, मुकुंदपुर में इन दिनों सैलानियों की चहल-पहल बढ़ने की उम्मीद है। सफारी प्रबंधन ने बताया कि केन्द्र में फिलहाल मासाहारी और शाकाहारी मिलाकर 2.7 प्रजाति के कुल 112 वन्य प्राणी हैं। इसके साथ ही कई दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी, सरीसुप और रंग-बिरंगी तितलियां लाई गई है। आम तौर पर हर बुधवार को यह सफारी और जू सेंटर सीजेड़ के नियमों के तहत मेंटेनेंस के लिए बंद रहता है। हालांकि, इस बार 31 दिसंबर को बुधवार होने के बावजूद, सफारी एंड जू सेंटर को सैलानियों के लिए राहोला जाएगा। प्रबंधन ने बताया कि न्यू ईयर के मौके को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, क्योंकि इस दिन बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना रहती है। ऐसे में आगंतुकों की सुविधा के लिए सभी तैयारियां की जा रही है, ताकि वे वन्यजीवन को करीब से देखने का अनूठा अनुभव ले सकें। हाल ही में पिलीकुला से एक जोड़ी जंगली कुत्ता और एक हाइना को भी यहां लाया गया है, जिससे सफारी की जैव विविधता और समृद्ध हो गई है। सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस प्रशासन, चिकित्सा दल, फायर ब्रिगेड के भी इंतजाम किए गए हैं। साथ ही पर्यटकों की




सुविधा के लिए जू प्रबंधन के कर्मचारियों एवं श्रमिकों के अतिरिक्त बनमण्डल सतना मैहर से करीब 58 कर्मचारियों, वनमण्डल रीवा से 25 कर्मचारियों। उपवन मण्डलाधिकारी एवं 2 वन परिक्षेत्र मुकुन्दपुर की तैनाती की गई है। साथ ही जू सेंटर में पूर्व से लगे सीसीटीवी कैमरों के अलावा अलग से अनुमानित 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे पूरे जू परिसर और सफारी में लगाए गए हैं। पर्यटकों को तत्काल सुरक्षा प्रदान करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां पर बैठे कर्मचारी पूरे जू सेंटर और टाइगर सफारी के चप्पे-चप्पे पर निगाह रखेंगे। टाइगर सफारी 31 दिसंबर को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक खुला रहेगा। शाम 4 बजे के बाद प्रवेश वर्जित कर दिया जाएगा। भीड़ को कंट्रोल में करने के लिए प्रवेश 3 घंटे तक वैध रहेगा। जू सेंटर में लगभग 9 कॉर्ट गोल्फ और सफारी के लिए करीब 5 बस पर्यटकों के लिए उपलब्ध रहेगी।ये वन्य प्राणी हैं आकर्षण का केन्द्रविजिटर्स को यहां वाइट टाइगर के अलावा पीले धारीदार बाप अर्जुन, राजा, बन्या, शक्ति, सोधी उऔर सरली के साथ-साथ करोड़ों की लागत से निर्मित बर्ड एवियरी भी देखने को मिलेंगे। विंध्य की इकलौती बर्ड एवियरी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहेगा। एबियरी में देशी-विदेशी ऐसे पक्षियों का समूह है, जो बिरले की देखने को मिलते है।बंद रहेगा 2 नंबर का गेटपर्यटकों को टिकट और प्रवेश के लिए परेशानी न हो, इसके लिए मुकुंदपुर चिड़ियाघर में आठ टिकट काउंटर और 4 प्रवेश द्वार खोले जाने पर विचार किया जा रहा है। दो और चार पहिया वाहनों के लिए करीब 2-2 पार्किंग बनाए गए हैं। भीड़ के मद्देनजर 2 नंबर का गेट और कैंटीन का रास्ता बंद कर दिए जाने की संभावना है।करना होगा नियमों का पालनजू में प्रवेश होते ही पर्यटकों को जू प्रबंधन के निर्देशों का पालन करना होगा। प्रवेश के साथ मादक पदार्थ, त बाकू, गुटखा, सिगरेट, ज्वलनशील सामग्री एवं हथियार लेकर जाना प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा पर्यटकों से किसी भी वन्यप्राणी के साथ छेड़छाड़ या उनको खाद्य सामग्री नहीं देने, शोर-शराबा नहीं करने के साफ आदेश जारी कर टिकट के पीछे भी शर्तें लिख दी गई है। निर्देशों का उल्लंघन करने पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 38 (जे) के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# मऊगंज में महिला एवं बाल विकास के तत्वाधान मे वीर बाल दिवस पर ड्राइंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



मऊगंजः

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में ब्रेन डिस्कवरी इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में वीर बाल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा, पर्यवेक्षक शांति पटेल एवं विद्यालय के संचालक पर्वतराज पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी, मऊगंज की टीम से जिला समन्वयक सुरेंद्र चतुर्वेदी, आशीष शुक्ला तथा ज्ञानेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति रही।इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए वीर बाल दिवस विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों को पोस्टर वितरित कर रंग भरवाए गए, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु उपहार वितरित किए गए। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा। अतिथियों ने बच्चों की कलात्मक अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए वीर बालकों के साहस, बलिदान और देशभक्ति से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में भी वीर बाल दिवस संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए।



# हनुमना के पूर्वी क्षेत्र में सड़क के बीचों-बीच हो रही खुदाई

**जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा की जा रही मनमानी अधिकारियों की नहीं कोई निगरानी**

**मऊगंज**। जिले के हनुमना तहसील के पूर्वी क्षेत्र से इन दिनों बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। जल जीवन मिशन के तहत पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार यह पूरा काम बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी या इंजीनियर की निगरानी के किया जा रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़क के बिल्कुल बीचों-बीच खुदाई कर दी गई है, जिससे राहगीरों के लिए आवागमन मुश्किल हो गया है। रात के समय दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन बिना निरीक्षण और तकनीकी देखरेख के इस तरह की खुदाई से सड़कें खराब हो रही हैं और जनता परेशान है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मौके पर अधिकारियों को भेजकर कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराई जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और कार्य नियमों के अनुसार कराया जा सके।जबकि इस पूरे मामले में सरपंच ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने सभी बातों को नकारते हुए ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से लापरवाही पूर्वक रवैया अपनाते हुए काम किए जाने की बात कही है , यहां तक कि खानापूर्ति के नाम पर पहले पूरी सड़क तोड़ी गई फिर खानापूर्ति के नाम पर मिट्टी डालते हुए सिर्फ दिखावे के लिए ऊपर परत में कंक्रीट कर दिया गया अब ऐसी मेंटिनेंस कितने दिनों तक चल पाएगा ये तो भगवान भरोसे ही है।